# SHREE VASISHTHA VIDHYALAYA

**Hindi 2nd Language Worksheet 2025-26**

Name : - ______________________ Std.:- IV - ________

Roll No. :- ________ Worksheet No.PA-2 Date : - ________

पाठ - ८,९ व्याकरण- ९,१४,१५,२२

## अपठित गद्यांश

एक बार रीना अपने बगीचे में सुबह-सुबह घूम रही थी। मौसम बहुत सुहावना था। पेड़ों पर चिड़ियाँ चहचहा रही थीं। रीना ने देखा कि एक छोटा-सा पौधा सूख रहा है। वह तुरंत पानी की बाल्टी लेकर आई और उस पौधे को पानी दिया। कुछ दिनों बाद वही पौधा हरा-भरा हो गया। रीना को बहुत खुशी हुई क्योंकि उसने समझा कि पौधों को भी समय-समय पर पानी और देखभाल की जरूरत होती है।

**प्र-१) गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

१) रीना कहाँ घूम रही थी ?

रीना बगीचे में घूम रही थी।

२) रीना ने क्या देखा ?

रीना ने देखा कि एक छोटा-सा पौधा सूख रहा है।

३) विलोम शब्द ढूँढ़कर लिखिए।

१) शाम - सुबह

२) बड़ा - छोटा

४) वर्ण विच्छेद कीजिए।

१) मौसम - म् + औ + स् + अ + म् + अ

## पाठ्य पुस्तक से

**प्र-२) अर्थ लिखें:-**

१) सुस्ताना- आराम करना

२) तख्त - सिंहासन

३) बलिदान - त्याग

४) स्वामी - मालिक

५) जलाशय- तालाब

६) पुरस्कार- इनाम

**प्र-३) प्रश्नों के उत्तर कम शब्दों में लिखिए : -**

१) फूल हमें क्या देता हैं? प्रसन्नता, खुशबू

२) महाराणा प्रताप के घोड़े का क्या नाम था? चेतक

३) किसने स्वररचित कविता सुनाई? भाट

४) प्रकृति में पेड, फूल, बादल के अलावा और कौन-कौन दानी हैं? नदी, सूर्य, मिट्टी

५) अकबर के राज्य की राजधानी कहाँ थी? आगरा

**प्र-४) सही( ✓ ) या गलत ( X ) का निशान लगाइए :-**

१) पेड़ हमारे लिए अनुपयोगी हैं। (X)

२) महाराणा प्रताप मेवाड़ के राजा थे। (✓)

३) छोटी सोचवाले व्यक्ति भेदभाव करते हैं। (✓)

४) राणा प्रताप के दरबार में एक दूत आया। (X)

## व्याकरण

**प्र-५) दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।**

१) जंगल - वन, कानन

२) आकाश - नभ, गगन

३) पक्षी - खग, पंछी

४) मोर - मयूर, केकी

५) माता - माँ, अंबा

६) मित्र - दोस्त, सखा

**प्र-६) निम्न शब्दों के विलोम शब्द लिखिए: -**

१) देश - विदेश

२) सोना - जागना

३) सुबह - शाम

४) सुख - दुख

५) क्रय - विक्रय

६) प्रसन्न - अप्रसन्न

**प्र-७) निम्न सर्वनाम शब्दों के बहुवचन लिखिए:-**

१) वह - वे

२) उसका - उनका

३) आप - आप सब

४) यह - ये

**प्र-८) सही सर्वनाम शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए:-**

१) रवि मेरा ( मेरा / उसने ) दोस्त है।

२) हम ( हम / तुम ) कल दिल्ली जाएँगे।

३) तुम ( तुम / हम ) क्या कर रहे हो ?

४) अभी मुझे ( मुझे / उसने ) बाज़ार जाना है।

**प्र-९) निम्न वाक्यों में से सर्वनाम शब्द रेखांकित करे तथा उसका भेद लिखिए।**

१) अपना काम खुद करो। - निजवाचक

२) जैसा करोगे , वैसा भरोगे। - संबंधवाचक

३) तुम कहाँ रहते हो ? - प्रश्नवाचक

४) वे स्कूल जा रहे हैं। - पुरुषवाचक

५) देखो,बाहर कोई आया है। - अनिश्चयवाचक

**प्र-१०) अंको को शब्दों में लिखिए।**

१) ५२ - बावन

२) ६२ - बासठ

३) ६० - साठ

४) ५८ - अट्ठावन